गुरुवार
24 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण
केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सावधान : लग्न के मौके पर बाजार में तैयार है केमिकल्ड युक्त मिठाई 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# वैशाली में पेट्रोल टैंकर में ब्लास्ट, तीन लोगों की मौत

**केटी न्यूज /वैशाली**

बिहार के वैशाली में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है। यहां पेट्रोलियम टैंकर में वेल्डिंग के दौरान ब्लास्ट हो जाने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति जख?मी हो गया। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि टैंकर पर चढ़कर वेल्डिंग कर रहे लोग 30 फीट तक हवा में उछल गए। इस ब्लास्ट में टैंकर के चालक, खलासी और वेल्डिंग कर रहे मकैनिक तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से नाराज लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। लोगों को मनाने की कोशिश कर रहे पुलिसकर्मियों को भी लोगों ने खदेड़ दिया।



टैंकर पर चढ़कर वेल्डिंग कर रहे लोग 30 फीट तक हवा में उछले

मामला हाजीपुर-मुजफ्फरपुर हाईवे पर गोरौल थाना क्षेत्र के गोढिया पुल के निकट का है। गोढ़िया चौक पर वकील सहनी (48) की वेल्डिंग की दुकान है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भारत पेट्रालियम` का खाली टैंकर चालक लेकर आया और वेल्डिंग की दुकान पर खडी कर उसमें वेल्डिंग मकैनिक से कुछ रिपेयर करने को कहा। टैंकर पर चढ़कर मकैनिक वेल्डिंग करने लगा। चालक और खलासी भी साथ में चढ़े थे। इसी दौरान टैंकर में ब्लास्ट हो गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि तीनों हवा में उछलते हुए करीब 30 फीट ऊंची दीवार से टकराकर नीचे गिरे। टैंकर के टुकड़े भी उड़कर काफी दूर जा गिरे। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। विस्फोट में मकैनिक वकील सहनी (48), चालक सुरेश यादव(48) और खलासी विनोद चौधरी (40)की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टैंक के हवा में उछले टुकड़ों की चपेट में आकर ` कौशल कुमार निवासी इस्लामपुर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### हाइवे पर गिरता टुकडा तो होता बड़ा हादसा

टैंक में विस्फोट इतना तेज था कि उसकी आवाज तकरीबन 3 किमी तक सुनी गई। जिस जगह ये घटना हुई वहां से कुछ ही दूरी पर एनएच 22 है जिसपर हमेशा गाड़ियों की आवाजाही होती रहती है। ऐसे में यदि यदि टैंक का टुकड़ा हाईवे पर किसी पैसेंजर गाड़ी पर गिर जाता तो और बड़ी घटना हो सकती थी।

### आक्रोशित लोगों ने सड़क पर लगाया जामे

घटना की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई। आक्रोशित स्?थानीय लोगों ने शव को एनएच पर रखते हुए आवागमन बाधित कर दिया। इधर सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी ब्रजेश पाटिल, थानाध्यक्ष संजीव कुमार, भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया गया।

## बिहार आए आदित्य ठाकरे का स्वागत



महाराष्ट्र में शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे बुधवार को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ पटना पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं की इस मुलाकात को भविष्य की राजनीति यानी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने से जोड़कर देखा जा रहा है।

### गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर उप्र के सीएम ने सभा को किया संबोधित

# मोदी के कारण ही अयोध्या में बन रहा श्रीराम मंदिर : योगी

- बोले- डबल इंजन की सरकार के कारण तेजी से हो रहा गुजरात का विकास

**एजेंसी/द्वारका**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गुजरात के द्वारका जिले में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुजरात की धरती प्रेरणा की धरती है। इस देश को अंग्रेज कई टुकड़ों में बांटना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अंग्रेजों की साजिश को सफल नहीं होने दिया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात में भी बीजेपी की सरकार होने के कारण डबल इंजन ग्रोथ हो रहा है। डबल इंजन सरकार के कारण ही मुफ्त इलाज, मुफ्त शिक्षा के अलावा मुफ्त कोविड वैक्सीन जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। मोदी सरकार के कारण ही भगवान राम का मंदिर संभव हो सका। धारा 370 हट सकी। आज उत्तर प्रदेश में बीजेपी की 255 सीटें हैं औ? कांग्रेस दो पर सिमट गई है। सीएम योगी ने आम आदमी पार्टी पर भी हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि आप ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। कोरोनाकाल में दिल्ली की जनता को बुरे दिन देखने पड़े। इनके रोज-रोज घोटाले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की कार्बन कॉपी है। सीएम ने विश्वास दिलाया-कांग्रेस न आप, भाजपा देगी साथ।

सीएम योगी गुजरात विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक हफ्ते में तीसरी बार राज्य के दौरे पर हैं। योगी आदित्यनाथ की द्वारका के अलावा कच्छ, मोरबी, सूरत जनपदों में चुनावी रैलियां हैं। योगी अपनी चुनावी रैलियों में लगातार डबल इंजन सरकार में गुजरात के विकास की बातें जनता के सामने रख रहे हैं।





### गुजरात में कांग्रेस के राज में डर और दहशत का माहौल था: मोदी

गुजरात में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वडोदरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गांधीनगर में बैठे लोग असामाजिक तत्व और दंगे फैलाने वालों को पनाह देते थे। ये कांग्रेस की राजनीति के जमाने में होता था। कहा कि कांग्रेस के राज में डर और दहशत का माहौल था। उन्होंने कहा कि गुजरात का विकास ऐसा होना चाहिए कि दुनिया के अमीर देशों के तमाम पैमानों पर गुजरात पीछे न रहे।

### 8 साल में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना भारत

पीएम मोदी ने कहा कि वडोदरा में साइकिल बनती हैं, मोटरसाइकिलें बनती हैं, रेल भी बनती हैं और अब जहाज भी बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 8 साल पहले दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था भारत, इतने कम समय में हम 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इकोलॉजी में भी ताकत बना रहा है, इकोलॉजी और इकोनॉमी में बैलेंस बनाकर हम इकोलॉजी में दुनिया में 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। भारत सौर ऊर्जा में दुनिया में 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

# नशे ने बना दिया हत्यारा... युवक ने मां बाप, बहन व दादी को चाकू से गोद डाला

- दिल्ली में रौंगटे खड़े कर देनेवाली इस घटना से हर कोई सदमे में
- यह घटना एक सबक है हम सभी के लिए कि हम अपने बच्चों में बदलाव पर नजर रखें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के पालम इलाके में मंगलवार की देर रात नशे का आदि हो चुके एक युवक ने अपने ही परिवार को खत्म कर दिया। युवक ने अपने मां-बाप, बहन और दादी की बेरहमी से चाकू से गोदकर हत्या कर दी। नशा के लिए हैवान बना यह युवक पहले सामान्य जिंदगी जीता था, बाद में वह इसकी गिरफ्त में ऐसा आया कि उसने अपना ही सबकुछ तबाह कर लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी नशा करता है और घर वालों से पैसे मांगता था। घरवालों ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मृतकों में आरोपी की दादी दीवानो देवी (75), पिता दिनेश (50) मां दर्शना और बहन उर्वशी (18) शामिल हैं। पुलिस ने केशव को गिरफ्तार कर लिया है।`

आरोपी केशव काफी समय से नशा करता था। आए दिन घरवालों से पैसा मांगता था। रात को भी उसने सबसे पहले दादी से पैसे मांगे। दादी ने पैसे नहीं दिए तो उसने दूसरी मंजिल पर चाकू से गोदकर दादी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने मां से मांगे। मां ने पैसे देने से मना कर दिया तो फिर मां की हत्या कर दी। इसके बाद उसने पिता और फिर सबसे आखिर में छोटी बहन उर्वशी की हत्या की।

### पूर्व सांसद अतीक अहमद की एक अरब 28 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** प्रयागराज में माफिया घोषित किए गए पूर्व सांसद अतीक अहमद की सवा अरब रुपए से ज्यादा की कीमत वाली दो संपत्तियों को बुधवार को कुर्क कर लिया गया। कुर्की की यह कार्रवाई प्रयागराज के झूसी मोहल्ले के हवेलिया इलाके में की गई। कुर्क की गई संपत्तियां तकरीबन 13 बीघे में मौजूद थी। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक जो संपत्तियां कुर्क की गई हैं, उनकी अनुमानित कीमत एक अरब 28 करोड़ रुपए है। प्रयागराज पुलिस का दावा है कि यह अतीक के खिलाफ अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है।

## बिहार प्रशासनिक सेवा के 25 अधिकारियों का तबादला

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा के 25 अफसरों का तबादला किया गया है। साथ ही कई जिलों में डीटीओ के खाली पद को भरा गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर जानकारी दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार मुजफ्फरपुर में पदस्थापित रहे चंदन चौहान को कैमूर और किशनगंज में रहे अनिल कुमार दास नालंदा के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) बनाए गए हैं। सीवान में तैनात मृत्युंजय कुमार को स्वास्थ्य समिति में प्रशासी पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग में उप सचिव नजर हुसैन को बीएसएमआईसीएल में मुख्य महाप्रबंधक, आपदा प्रबंधन विभाग में ओएसडी रवीन्द्र कुमार को बीएसएमआईसीएल में महाप्रांधक , इस पद पर रहे सुधीर कुमार को स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव और बीएसएमआईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक रहे रजनीकांत को राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम का मुख्य महाप्रबंधक बनाया गया है।

हरी नारायण पासवान को आपदा प्रबंधन विभाग में संयुक्त सचिव, जमुई के वरीय उप समाहर्ता शशि शंकर को नालंदा का जिला आपूर्ति पदाधिकारी जबकि राज्य निर्वाचन आयोग के उप सचिव शैलेश कुमार दास को औरंगाबाद और औरंगाबाद में तैनात बाल मुकुन्द प्रसाद को कटिहार का जिला परिवहन पदाधिकारी बनाया गया है। दरभंगा में पदस्थापित गणेश कुमार को पूर्वी चंपारण का जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बनाए गए हैं। वहीं, पश्चिम चंपारण में तैनात बालेश्वर प्रसाद दरभंगा, सारण में रहे तेज नारायण राय खगड़िया और पटना के वरीय उप समाहर्ता मो. इजतबा हुसैन औरंगाबाद के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी होंगे।

## रोहतास कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में दोषी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा



**केटी न्यूज/डिहरी**

दो साल पूर्व नौवीं की छात्रा से हुए दुष्कर्म मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए व्यवहार न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र के डेहरी बाजार का है। एडीजे छह सह विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम रामजी यादव की अदालत ने अभियुक्त विक्की उर्फ संदीप उर्फ राजा पचास हजार रुपए अर्थदंड सहित आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसके साथ ही पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत तीन लाख रुपए की राशि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिलाने का आदेश जारी किया है।

**बनारस के डॉक्टर से मांगी गई 10 लाख की रंगदारी :** माफिया मुख्तार अंसारी के गिरोह के गुंडे ने बनारस के एक डॉक्टर से 10 लाख और एक आभूषण कारोबारी से 5 लाख की रंगदारी मांगी है। उसके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हुए हैं। वह कासगंज की जेल में बंद है। 3 महीने पहले उसने वाराणसी के एक और डॉक्टर से 20 लाख की रंगदारी मांगी थी। कासगंज से पहले वो वाराणसी से 250 किमी. दूर चित्रकूट जेल में ढाई साल तक बंद था।

डीजिटल संस्करण
संपर्क सूत्र
9122915443
9931711972
8936046900
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
वेब पोर्टल : keshavtimes.com
अपने गांव
अपने शहर
की हर खबर
पढ़ें और पढ़ायें
यूपी, बिहार व झारखंड की खबरों पर हमारी पैनी नजर
आपकी समस्याओं का होगा निदान
हमारे रिपोर्टर : गाजीपुर, मऊ, बलिया, वाराणसी, लखनऊ, बक्सर ,रोहतास ,भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, पटना में
शहर से लेकर गांव तक की हर गतिविधियों पर है हमारे रिपोर्टरों की नजर, क्योंकि हम हैं आपके लिए 24 घंटे तत्पर
keshavtimes
keshavtimes
keshavtimes

## एक नजर

### केएनएस डिग्री महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव को लेकर हुई बैठक



**बक्सर।** इटाढ़ी रोड स्थित केएनएस डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव को लेकर बैठक आयोजित किया गया। वही सभी शिक्षकों की बैठक बुधवार को आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव शांतिपूर्ण व्यवस्था के बीच की गई बैठक का पर्यवेक्षण कार्य रसायन विभाग के वरीय प्राध्यापक प्रोफेसर कृष्ण सिंह के द्वारा किया गया। जबकि प्राचार्य डॉ. विमलेश कुमार एवं पर्यवेक्षक के देखरेख में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्विरोध प्रोफेसर चंदन खरवार भूगोल विभागाध्यक्ष का चयन किया गया का चयन किया गया। चुनाव निर्विरोध शिक्षक प्रतिनिधि बनाए जाने पर चंदन खरवार को महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने शुभकामना दिया है सदा हर्ष व्यक्त किया है। मौके पर सुनैना देवी, निशा सिन्हा, नीतू कुमारी, हंसराज सिंह, रवि शंकर राय, रितेश कुमार पांडेय, भरत प्रसाद, कृष्ण सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

### एनडीआरएफ की 9 बटालियन के सौजन्य से आपदा प्रबंधन के तहत मॉक ग्रील का आयोजन



**बक्सर।** एनडीआरएफ की बिहटा (बिहार) 9 बटालियन के सौजन्य से एक दिवसीय प्राकृतिक आपदा व भूकंप के दरम्यान पीड़ित मानव के बचाव को लेकर मॉक ग्रील प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बक्सर स्थित एमवी कालेज के खेल मैदान में एनडीआरएफ के सौजन्य से आयोजित शिविर में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन व भूकंप के दरम्यान पीड़ित मानवता के बचाव व उनके बीच राहत सेवा प्रदान करने को एनसीसी के छात्र छात्राओं सहित सामान्य पुलिस के जवानों को जानकारी प्रदान की गई। मौके पर राहत व बचाव को लेकर जीवंत मॉक अभ्यास का प्रर्दशन किया गया। मॉक अभ्यास का आयोजन एनडीआरएफ के कंमाडर राहुल कुमार एवं टीम कंमाडर इंसपेक्टर जीतेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। मार्क ग्रील अभ्यास के दरम्यान एंबुलेंस पर पीड़ितों को सवार करने व उन्हें उपचार को चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचने तक का अभ्यास प्रदर्शन शामिल रहा। मॉक ग्रील का अभ्यास प्रर्दशन देखने को लेकर एनसीसी के छात्र छात्राओं सहित उपस्थित सामान्य नागरिकों व पुलिस के जवानों के बीच उत्सुकता बनी रही। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। एनडीआरएफ की टीम के जवानों द्वारा आयोजित मॉक अभ्यास का दर्शको द्वारा प्रशंसनीय बताया गया और नागरिको नें कहा कि मॉक की जानकारी हर नागरिक को होना चाहिए। ताकि आपदा काल में काम आ सके। इसके पहले बक्सर स्थित नगर भवन में एनडीआरएफ की 9 बटालियन के सौजन्य से संबंधित अधिकारियों के बीच टेबल टॉप अभ्यास आयोजित किया गया था।

### आरा में किराना दुकान से सामान ले जाने के विवाद में मारपीट व चाकूबाजी, तीन जख्मी

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के आरण्य देवी स्थित गुदरी बाजार में बुधवार की सुबह किराना दुकान से सामान ले जाने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट और चाकूबाजी हुई। उसमें चाकू लगने से दो जबकि मारपीट में एक शख्स जख्मी हो गया। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में एक पक्ष के चाकू से जख्मी नगर थाना क्षेत्र के एमपी बाग जयहिंद कॉलोनी निवासी स्व. सत्यनारायण केशरी का 43 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार केशरी और मारपीट में उनका 23 वर्षीय पुत्र हिमांशु केशरी शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से चाकू लगने से जख्मी उसी थाना क्षेत्र के गुदरी मोहल्ला निवासी स्व. रघुनाथ प्रसाद के पुत्र अनिल केशरी शामिल है। एक पक्ष के संतोष कुमार केशरी ने बताया कि पड़ोसी दुकानदार गणेश केशरी द्वारा उनकी दुकान से चार पेटी किशमिश बिना पैसे के ले लिया गया था। बुधवार की सुबह वह अपनी दुकान पर सामान रख रहे थे। तभी गणेश केशरी वहां आया और कहने लगा कि तुम्हारा बेटा कहां है? उससे कुछ हिसाब बाकी है। उन्होंने कहा कि तुम चार पेटी किशमिश ले गए और पैसा नहीं दिए हो, तो उनके बीच कहासुनी हुई। उसी बीच कार्तिक केशरी आया और संतोष कुमार केशरी के चेहरे पर चाकू से वार कर दिया। उससे वह लहूलुहान हो गए। अपने पिता को जख्मी हालत में देख उनका पुत्र हिमांशु केशरी बीच-बचाव करने आया, तो गणेश केशरी और अनिल केशरी ने लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। उससे वह भी जख्मी हो गया। इधर, अनिल केशरी ने बताया कि बुधवार की सुबह गणेश केशरी की मां रेणु देवी सामान का बकाया पैसा लेने संतोष केशरी की दुकान पर गयी थी। तब संतोष केशरी गाली-गलौज करने लगा और सुआ निकालकर मारने की धमकी देने लगा। समझाने पर दौरान संतोष केशरी ने अनिल केशरी के पेट में सुआ घोंप दिया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**जहानाबाद।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री सह प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद अनिल कुमार, माननीय सदस्य बिहार विधान सभा मखदुमपुर क्षेत्र सतीश कुमार तथा माननीय सांसद लोकसभा क्षेत्र (जहानाबाद) के प्रतिनिधि, माननीय सदस्य बिहार विधान परिषद तथा माननीय सदस्य बिहार विधान सभा के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। उक्त बैठक में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारिगण उपस्थित थे। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा स्वास्थ्य, पंचायती राज, श्रम, विद्युत, शिक्षा, पीएचईडी, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, आपूर्ति, राजस्व, लघु सिंचाई आदि विभागों का विगत कार्यवाही के अनुपालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष महोदय द्वारा जिले में स्वास्थ्य की बेहतरी एवं सुदृढ़ीकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी का सुव्यवस्थित संचालन, चिकित्सकों की नियमित रूप से उपस्थिति, लैब का सुव्यवस्थित रुप से संचालन, संस्थागत प्रसव एवं एंटीनेटल केयर की सुविधा, दवाइयों की उपलब्धता आदि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

# अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को जांचने पहुंची केंद्रीय समीक्षा टीम

- पंचायत स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों में मिलने वाली सेवाओं और सुविधाओं का लिया जायजा
- आशा कार्यकताओं के साथ-साथ ग्रामीणों से भी ली जा रही है जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलास्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है लेकिन, इन सबके बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं को अब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मापदंडों पर खरा उतरना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर सेवाओं और सुविधाओं की जांच के लिए जिले में केंद्रीय समीक्षा मिशन (सीआरएम) की टीम सात दिवसीय दौरे आई है। जिसको लेकर जिले में पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी । 21 नवंबर से शुरू होने वाले सीआरएम टीम के निरीक्षण के पूर्व राज्यीय और उसके पूर्व जिला स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण कर सभी कमियों को दुरुस्त कर लिया गया। ताकि, सीआरएम टीम के निरीक्षण में किसी प्रकार की गड़बड़ी न रहे। हालांकि, निरीक्षण को लेकर स्वास्थ्य विभाग से अधिक जिले के लोगों में खुशी है। लोगों का मानना है कि अब जिले के पंचायत स्तर तक गुणवत्तापूर्ण और सुविधाजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। बताया जाता है कि जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण करने के बाद सीआरएम टीम राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगी । जिसमें जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र की कमियों को रखा जायेगा। जिसके बाद सारी रिपोर्ट स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को सौंपी जायेगी।

**पंचायतों में मिलनी वाली सेवाओं की ली जा रही जानकारी :** निरीक्षण के क्रम में सीआरएम टीम द्वारा पंचायतों में स्थित स्वास्थ्य संस्थानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें पंचायत स्तर पर मिलने वाली सेवाओं की जानकारी ली जा रही है। जिसमें आशा कार्यकताओं और एएनएम से यथा सवाल ही पूछे जा रहे हैं। जैसे परिवार नियोजन पखवाड़ा कब से कब तक है, इसके दौरान आशा के द्वारा क्या-क्या कार्य किया जाता है। सीएनए इच्छुक दंपत्ति सर्वे क्या है एनसीडी, टीबी, कुष्ठ कार्यक्रम में अवश्य की क्या भूमिका है। बंध्याकरण आपके संस्थान में कब कब होता है। साथ ही ड्यूलिस्ट एवं सर्वे, आशा ट्रेनिंग, एचबीएनसी किट, एएनसी व एचबीएनसी के संबंध में गांव के लाभार्थियों से जानकारी ली जा रही है। वहीं, मातृ एवं शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग के अलावा अन्य चीजों की जानकारी ली जा रही है।

## सीआरएम की टीम इन बिंदुओं पर कर रही पड़ताल

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जनपद को स्वीकृत धनराशि एवं व्यय की गई धनराशि की समीक्षा।
2. स्वास्थ्य इकाईयों पर सभी प्रकार की सुविधाओं हेतु दी जा रही धनराशि का समुचित उपयोग एवं रिकार्ड का रख–रखाव।
3. जननी सुरक्षा योजना भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, समस्त संबंधित अभिलेखों सहित।
4. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम चिह्नित इकाईयों पर पूर्ण क्रियाशीलता।
5. प्रथम संदर्भन इकाइयों (एफआरयू) की क्रियाशीलता एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता।
6. एमसीएच विंग एवं सीएचसी/ 247 पीएचसी की क्रियाशीलता।
7. एराएनसीयू, एनबीएसयू एवं एनबीसीसी की क्रियाशीलता।
8. एनआरसी की क्रियाशीलता।
9. राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत टीमों द्वारा किये गये कार्य एवं वाहनों की समीक्षा।
10. एएफएचएस क्लीनिक का संचालन एवं आउटरीच एक्टिविटी की समीक्षा।
11. नियमित रूप से विफ्स का वितरण एवं पियर एजुकेटर के कार्यो व सन्दर्भन की समीक्षा।
12. कोल्ड चेन, माइकोप्लान के अनुसार वीएचएसएनडी।
13. परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति एवं गुणवत्ता।
14. हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की क्रियाशीलता।
15. आशा योजना मानदेय का भुगतान, प्रशिक्षण, रिक्त स्थानों पर तैनाती आदि।
16. राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कम्यूनिकेबल डिजीज एवं नॉन कम्यूनिकेबल डिजीज।

### अवैध हथियार के साथ घूमनेवाले को तीन साल कठोर कारावास की सजा

**जहानाबाद।** आर्म्स एक्ट के एक मामले में सुनवाई करते हुए एसीजेएम 4 कुलदीप कुमार के न्यायालय ने मंगलवार को आरोपी सत्येंद्र यादव के सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी की। जिसमें आर्म्स एक्ट की धारा 25(1 बी) ए में 3 साल का कठोर कारावास एवं 1000 रुपए का अर्थदंड तथा एक साल का कठोर कारावास तथा ?500 भुगतान करने का फैसला सुनाया। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर क्रमश: दो माह तथा एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उपरोक्त जानकारी जिला अभियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में हुलासगंज थाने में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक योगेंद्र झा ने सत्येंद्र यादव को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि चार जुलाई 2010 को सत्येंद्र यादव को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया था। मामले में अनुसंधानकर्ता समेत सात गवाहों के गवाही न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी।

# आरा सदर अस्पताल में फिर हुई नवजात की मौत, गुस्साए परिजनों ने किया हंगामा

- एसएनसीयू वार्ड में नवजात की मौत के बाद लोगों का फूटा गुस्सा
- डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों पर इलाज में लापरवाही का परिजनों ने लगाया आरोप

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में फिर नवजात की मौत पर हंगामा मच गया। बुधवार की दोपहर एसएनसीयू में बच्ची की मौत पर परिजनों द्वारा खूब हंगामा मचाया गया। परिजनों द्वारा डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को खूब खरी-खोटी सुनाई गयी। परिजन डाक्टर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे। इससे अस्पताल में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर अस्पताल में प्रतिनियुक्त एएसआई संतोष कुमार सिंह सहित अन्य सुरक्षाकर्मी और टाउन थाना की दिवा गश्ती में तैनात एसआई अशोक कुमार सिंह एसएनसीयू वार्ड पहुंचे। अफसरों द्वारा डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों से घटना की पूरी जानकारी ली गयी। मृत बच्ची के परिजनों से भी मिल घटना की जानकारी ली और समझाकर मामले को शांत कराया। मृत बच्ची पवना थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी अंकित कुमार की पुत्री थी।

अंकित कुमार के अनुसार 21 नवंबर सोमवार की सुबह वह अपनी पत्नी गुड़िया देवी का प्रसव कराने के लिये सदर अस्पताल के प्रसूति वार्ड लेकर आया था। वहां उनकी पत्नी को नॉर्मल डिलिवरी के तहत बच्ची पैदा हुई। उसके कुछ देर बाद ही बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद उन्होंने बच्ची को शिशु चिकित्सक से दिखाया। तब डॉक्टर द्वारा कहा गया कि आपकी बच्ची पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त नहीं है। इसे 72 घंटे तक एसएनसीयू वार्ड में रखा जाएगा। जिसके बाद डॉक्टर की सलाह पर बच्ची एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था।

**दोपहर से बिगड़ने लगी हालत :** बुधवार की सुबह बच्ची को देखा गया, तब वह बिल्कुल ठीक थी। बुधवार की दोपहर करीब बजे से पहले उसके मां बच्ची को देखने गई, तो वह लगातार हिचकी ले रही थी। इस पर उन्होंने इसकी सूचना एसएनसीयू वार्ड में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर को दी। उस पर बाद डाक्टर ने देखा और कुछ ही देर बाद उसकी मृत्यु हो गई। अंकित कुमार का आरोप है कि एसएनसीयू वार्ड में मौजूद डाक्टर और कर्मियों पर इलापरवाही के कारण उसकी बच्ची की मौत हुई है।

### बच्ची को पटना ले जाने की दी गई थी सलाह : डॉ प्रीति

एसएनसीयू वार्ड में मौजूद ऑन ड्यूटी शिशु महिला चिकित्सक डॉ. प्रीति ने बताया कि जिस समय उन्होंने राउंड लिया था। उस समय बच्ची बिल्कुल सही थी। लेकिन आरडीएस या ब्रेथ ऐसीसिया वाले बच्चों में ऑक्सीजन की कमी होती है। उसके कारण उनका ब्रेन काम नहीं करता है। अचानक बच्चे सांस लेना छोड़ देते हैं। वैसे बच्चों का हम लोग ट्रीटमेंट करते हैं। यही बीमारी उनके बच्ची को भी थी। उसका हमलोगों ने अपने तरीके से पूरा ट्रीटमेंट किया। उसके बाद बच्ची का हार्ट बीट और सांस भी वापस आया। उसके बाद कहा गया कि उस बच्ची को वेंटिलेटर की जरूरत है। उसे पटना रेफर कर दिया गया। बावजूद परिजन उसे नहीं ले गए।

### पिकअप व ऑटो की टक्कर में बिहटा के कारपेंटर की मौत, जीजा समेत तीन जख्मी



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के आरा-पटना फोरलेन पर गीधा पुल पर बुधवार की सुबह पिकअप और ऑटो के बीच भिड़ंत हो गयी। उसमें ऑटो पर सवार पटना निवासी एक कारपेंटर की मौत हो गयी। हादसे में उसके जीजा समेत तीन अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक बिहटा थाना क्षेत्र के बाजीतपुर बिशनपुरा गांव निवासी स्व. इंद्रदेव शर्मा का पुत्र शंकर शर्मा था। घायलों में गीधा ओपी क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव प्रवेश शर्मा, परमात्मा साह और उनकी पत्नी सुशीला देवी शामिल है। प्रवेश साह मृतक शंकर शर्मा का जीजा है। इधर, घटना के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक शंकर शर्मा के जीजा प्रवेश शर्मा ने बताया कि उनके साला शंकर शर्मा की बड़ी बेटी प्रियंका की शादी रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन के समीप एक गांव में ठीक हुई थी। उसको लेकर वह आरा के गौसगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रूम बुक करने गये थे। इसके बाद ऑटो में सवार होकर कुल्हड़िया जा रहे थे। उसी दौरान गीधा पुल पर पटना की ओर से आ रही पिकअप से भिड़ंत हो गई।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**बक्सर।** स्थानीय रेलखंड के परसिया हाल्ट के पास बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। दोपहर दो बजे के आस पास इस घटना की जानकारी बक्सर जीआरपी को मिली। जबकि शाम में जीआरपी द्वारा शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया के भीम सिंह की पत्नी गुड़िया देवी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है कि उक्त महिला कैसे रेलवे ट्रैक पर आई तथा वह किस ट्रेन की चपेट में आई है। जीआरपी थानाध्यक्ष ने इसकी पुष्टि की है।

# धान की क्रॉप कटिंग के लिए खेत में उतरे बक्सर डीएम, प्रति एकड़ 29 क्विंटल उत्पादन

**केटी न्यूज/बक्सर**



इस खरीफ वर्ष के अंत में अच्छी बारिश का लाभ किसानों को मिला है तथा बंपर पैदावार की उम्मीद बनी हुई है। बुधवार को डीएम अमन समीर के नेतृत्व में चिलहरी में करवाए गए धान के क्रॉप कटिंग से इस उम्मीद को बल मिल गए है। क्रॉप कटिंग के दौरान प्रति एकड़ 29 क्विंटल उत्पादन दर्ज किया गया। इसके बाद वहा उपस्थित अधिकारियों व किसानों के चेहरे खिल उठे।

किसानों की मानें तो यह औसत काफी अच्छा है तथा धान के बेहतर उत्पादन होने की उम्मीद बनी है। डीएम की देखरेख में हुए क्रॉप कटिंग में 36.700 किलो ग्राम उत्पादन हासिल किया गया। बताया गया कि क्रॉप कटिंग से प्राप्त वजन ने यह संकेत दिया है कि प्रति हेक्टेयर धान का उत्पादन 73 क्विंटल होगा जबकि प्रति एकड़ यह उत्पादन 29 क्विंटल दर्ज किया गया। रोपनी के समय हुई कम बारिश तथा तमाम तरह की परेशानी के बावजूद उत्पादन लक्ष्य बेहतर मिलने से डीएम संतुष्ट नजर आए।

जबकि उपस्थित हर पदाधिकारी जी बेहतर उत्पादन लक्ष्य देखकर खुश हुए। यह क्रॉप कटिंग किसान अखिलेश राय के खेत में निर्धारित दूरी में की गई थी। मौके पर डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, अपर समाहर्ता प्रीतेश्वर प्रसाद, एसडीएम कुमार पंकज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ संतोष कुमार सिंह, सीओ अंकिता सिंह के अलावे स्थानीय गांव के कई अन्य किसान और मजदूर थे।

# स्वच्छता मिशन के मामले में जिले में नजीर बनेगा लाखनडिहरा : डीएम

- डीएम ने लाखनडिहरा पंचायत में डोर टू डोर कूड़ा उठाव व वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का किया उदघाटन

**केटी न्यूज/बक्सर**


हरी झंडी दिखा स्वच्छता कर्मियों को रवाना करते डीएम

पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर के साथ ही गांवों की सफाई जरूरी है। भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है। उक्त बातें बुधवार को बक्सर डीएम अमन समीर ने स्थानीय प्रखंड के लाखनडिहरा गांव में कही। वे यहां वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (कूड़ा डंपिंग जोन) तथा डोर टू डोर कूड़ा उठाव की शुरुआत करने आए थे। इसके पहले उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर डोर टू डोर कूड़ा उठाव के लिए रवाना किया। जबकि वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट को भी लोकार्पित किया। डीएम ने कहा कि बिहार लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत इस कार्य का शुभारंभ किया गया है। स्वच्छता से ही गांव की सूरत बदलेगी। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार शहर के साथ ही गांवों की सफाई के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कहा कि गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाना हर ग्रामीण का कर्तव्य है। इसके लिए जरूरी है हर किसी को अपनी जिम्मेदारी निभाना। इस दौरान उन्होंने इस प्रयास के लिए पंचायत के मुखिया मुखलाल महतो की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पंचायत लोहिया बिहार स्वच्छता मिशन के मामले में पूरे जिले में नजीर बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, एसडीएम कुमार पंकज, बीडीओ संतोष कुमार सिंह, सीओ अंकिता सिंह, मुखिया मुखलाल महतो के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित थे।

### ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

इस क्रम जिलाधिकारी ने सूखा एवं गीला कचरा के उठाव हेतु ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी कचरे को उसके प्रकृति के अनुसार अलग-अलग करते हुए अलग-अलग पीट का निर्माण किया गया है। जिसका कुल लागत लगभग 7 लाख 49 हजार 308 रुपये है। इसके लिए लोगों के बीच जन जागरूकता फैलाने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। लाखनडिहरा पंचायत में कुल 10 वार्ड हैं जिसमें प्रत्येक वार्ड के लिए एक स्वच्छता कर्मी डोर टू डोर जाकर गीला एवं सूखा कचरा उठाव करेंगे। प्रत्येक वार्ड के लिए एक पैडल रिक्शा एवं एक ई-रिक्शा उपलब्ध कराया जाएगा। डब्ल्यूपीयू केंद्र पर कार्यरत कर्मियों की संख्या चार है। ग्राम पंचायत लाखनडिहरा में कुल घरों की संख्या 1901 है।

## फटाफट खबरें

### स्वच्छता सर्वेक्षण की सफलता के लिए होगी डुमरांव में प्रतियोगिता

**डुमरांव।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर परिषद डुमरांव स्वच्छता के प्रति वृहद जागरुकता फैलाने के लिए अनुमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। जिसमें डुमराव अनुमंडल के सभी प्रखंडों के इच्छुक प्रतिभागी दो दिसंबर तक नप कार्यालय में अपना निबंधन करा सकते हैं। नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर बनाए गए शिक्षक अनुराग मिश्र ने बताया कि इसके तहत निबंध लेखन, पेंटिंग एवं व्याख्यान प्रतियोगिता कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी नगर परिषद सिटी मिशन प्रबंधक के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर विकास विभाग भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा नगर परिषद डुमरांव लगातार स्वच्छता को लेकर एक नए शिखर तक पहुंचने की तैयारी में है। उसी क्रम में स्वच्छता को लेकर लोगों को और गंभीर होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी तेज कर दी गई है।

### केसठ के महादेवगंज में चलाया गया डस्टबिन वितरण अभियान

**केसठ।** प्रखंड में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत हमारा स्वस्थ सुंदर गांव को पूर्ण रूप से सफल बनाने हेतु जनप्रतिनिधि सहित सफाई कर्मी सक्रिय हो गए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सफाई कर्मी लगातार क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सफाई अभियान चला रहे हैं और स्वच्छता पर्यवेक्षकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रखंड के महादेवगंज वार्ड दो में वार्ड सदस्य मंजू देवी व स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से कचरे का उठाव करने हेतु लोगों को बीच डस्टबिन का वितरण किया। डस्टबिन वितरण के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक और वार्ड सदस्य द्वारा लोगों को डस्टबिन में कचरे रखने का सही तरीका को बताया। इस मौके पर राजीव सिंह उर्फ सोनू, वार्ड सचिव सुधु साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वही ये अभियान खरवनिय गांव के वार्ड एक में भी किया गया। जिसका नेतृत्व वार्ड पार्षद इंदू देवी ने किया।

### पुलिस वाहन जलाने के मामले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** अग्निवीर योजना के खिलाफ नावानगर बाजार में सड़क जाम कर पुलिस वाहन में आगजनी की घटना हुई थी। इस मामले की तीन आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार की रात में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित जितवाड़ीह गांव से निशांत कुमार, पासिया डेरा गांव से ब्रजेश कुमार व सुनील कुमार है। जानकारी के अनुसार पुलिस इंस्पेक्टर विमल दास के नेतृत्व में मंगलवार की रात नावानगर, वासुदेवा, सोनवर्षा , सिकरौल व कोरान सराय की पुलिस ने जितवाडीह व पासिया टोला गांव में छापेमारी की थी। इस दौरान तीन आरोपितों को उनके घर से धर दबोचा। केस के आईओ विष्णु देव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक सड़क जाम व पुलिस इंस्पेक्टर की वाहन फूंकने की मामले में नामजद अभियुक्त हैं। जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सावधान: आपकी सेहत से हो रहा खिलवाड़, बाजार में केमिकल युक्त मिठाईयों की भरमार

- पाउडर से बनी मिठाई से हो रहा है सेहत से खिलवाड़
- बाजार में मिठाई के नाम पर धडल्ले से बिक रहा जहर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

लग्न शुरू होने पर इस बार नकली और केमिकल युक्त मिठाई से बाजार पटा है। मुनाफाखोर बाजार में मजबूती से डटे हैं। अपनी जेब भरने में लगे मुनाफाखोरों को लोगों के सेहत का कोई फिक्र नहीं है। बाजार में केमिकल से बनी मिठाइयों का उपयोग बेखौफ हो रहा है। इस मिठाई को बनाने में गाय और भैंस के दूध से बने खोवा या छेना की जरूरत नहीं। बल्कि बाजार में बिक रहे केमिकल पाउडर का इस्तेमाल होता है। जिसको गिला करते ही मिनटों में खोवा या छेना बनता है। इसी से तैयार मिठाई इन दिनों बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा है। डुमरांव स्टेशन से लेकर बाजार, कोरानसराय, नावानगर, सिमरी, भोजपुर, ब्रह्मपुर, कृष्णाब्रह्म, प्रतापसागर आदि जैसे बाजार में केमिकल्ड मिठाई की बिक्री धड़ल्ले से हो रहा है। प्रशासन की चुप्पी से दुकानदारों का मनोबल सातवें आसमान पर है। केमिकल पाउडर से बना यह मिठाई लोगों के जान का दुश्मन बन रहा है। लेकिन दुकानदार को पांच से सात गुना अधिक मुनाफा पहुंचा कर रातों रात मालामाल कर रहा है। लग्न पर इस बार दुकानदार ऐसे ही केमिकल के मिठाई से अच्छी मुनाफा करने की तैयारी मे लगे है।

**केमिकल पाउडर से बनता है यह मिठाई :** केमिकल पाउडर से बनने में सबसे लोकप्रिय मिठाई खीर मोहन, गुलाब जामुन, मिल्क केक, डोडा बर्फी, रेडिमेट वरफी का निर्माण हो रहा है। बक्सर शहर और कोरानसराय में तो केमिकल मिठाई का बहुत बड़ा कारोबार है। जहां से केमिकल पाउडर से मिठाई का निर्माण कर उन दुकानों पर सप्लाई किया जाता है। जहां दुकानदार स्वयं यह मिठाई नहीं बनाते है। या फिर जिनके पास कारीगर का अभाव है।

**बाजार में उपलब्ध है केमिकल पावडर :** मिठाई बनाने वाला केमिकल पाउडर बाजार में कई नाम से है। अचल गोल्ड, सीमा पाउडर, कृष्णा गोल्ड पाउडर आदि ये नाम है जो मिठाई बनाने में सहायक है। इस पाउडर का प्रति किलो कीमत 320 रुपए अंकित है। एक किलो पाउडर से छह किलो मिठाई का निर्माण होता है। पाउडर से बनी मिठाई की चमक शुद्ध खोवा छेना की मिठाई की अपेक्षा बेहतर है। दुकानदार पावडर से बनी मिठाई की कीमत शुद्ध खोवा छेना के मिठाई के भाव में बेच रहे हैं। यही कारण है कि ग्राहक भी चकमा खा जाते है और जहर के रूप में मौजूद इस मिठाई की खरीद करते हैं।

### किडनी, लीवर के लिए केमिकल घातक : डॉ गिरीश

अनुमंडल अस्पताल के डॉ. गिरीश कुमार सिंह का कहना है कि ऐसे केमिकल शरीर को नुकसान पहुचाते हैं। खासकर किडनी, लीवर, हार्ट के लिए काफी घातक है। ऐसे केमिकल की मिठाई जैसे खाद्य पदार्थ में उपयोग पर रोक की सख्त जरूरत है। ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### चीनी को साफ करने में सेफोलाइट का होता है इस्तेमाल

चीनी को साफ करने को जिस केमिकल का इस्तेमाल होता है उसका नाम सेफोलाईट है। लगभग सभी दुकानदार चीनी साफ करने के लिए इस केमिकल का इस्तेमाल करते हैं। इसका दुर्गंध है कि कोई सूंघ ले तो बेहोश हो जाए। यह केमिकल शरीर को काफी नुकसान पहुचाता है।

## 15 नवंबर की रात कोपवां के यमुना सिंह ने थाना परिसर में लगाई थी फांसी

# मृतक के पुत्र के बयान पर विधायक, डीएसपी और थानाध्यक्ष समेत 17 पर एफआईआर दर्ज

- थानाध्यक्ष व एसडीपीओ पर प्रताड़ित करने तथा विधायक पर दबाव बनाने का है आरोप
- मामले में निलंबित थानाध्यक्ष अब भी भूमिगत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरान सराय थाना में बंदी के फांसी लगाने के मामले में आखिरकार एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। दर्ज एफआईआर में डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुशवाहा, प्रभारी डीएसपी कुमार वैभव, निलंबित थानाध्यक्ष जुनैद आलम, एएसआई गंगा दयाल ओझा, सिपाही मृत्युंजय कुमार, शुभम कुमार, चौकीदार कृष्णा कुमार सहित कोपवां के 11 ग्रामीणों समेत कुल 17 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिसमें निलंबित थानाध्यक्ष व प्रभारी डीएसपी के साथ ही गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम व चौकीदार पर दुर्व्यवहार व मारपीट कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने, विधायक पर दबाव बनवा उन्हें गिरफ्तार कराने तथा ग्रामीणों पर भी एससी/एसटी ऐक्ट में दर्ज मुकदमे को वापस लेने के लिए दस लाख रुपए मांगने तथा लगातार मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद कोरानसराय के निलंबित थानेदार की मुश्किलें और बढ़ गई है।

बताया जाता है कि 15 नवंबर को कोरानसराय पुलिस ने कोपवां गांव से एससी/एसटी ऐक्ट के आरोपी 70 वर्षीय यमुना सिंह को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम द्वारा उनके साथ मारपीट व दुर्व्यहार भी किया गया था। जिससे आहत होकर यमुना सिंह ने सिंह ने रात में कोरानसराय थाना परिसर के कंप्यूटर कक्ष में फांसी लगा अपनी जान दे दी थी। 17 अक्टूबर को मृतक के पुत्र अरूण कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने एसपी को आवेदन देकर विधायक, एसडीपीओ, निलंबित थानाध्यक्ष, गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम, चौकीदार तथा 11 ग्रामीणों का आरोपित करते हुए आवेदन दिया था तथा बताया था कि इनलोगों की प्रताड़ना से परेशान होकर ही मेरे पिता ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। अरूण ने बताया था कि उनके आत्महत्या करने की जानकारी भी पुलिस द्वारा नहीं दी गई थी। इस मामले में कोरानसराय थाने में दफा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) तथा 385 पैसा के लिए दबाव बनाने सहित कई अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया गया है।



### एफआईआर दर्ज कर हो रही जांच : बक्सर एसपी

बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि थाना में कोपवां के यमना सिंह की मौत मामले में पुलिस ने बेटे के बयान पर मामला दर्ज कर लिया। एसपी ने कहा कि पीडित के द्वारा विधायक समेत 17 लोगों का नाम दिया था। जिन पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

### शीघ्र हो जुनैद आलम की गिरफ्तारी : विभोर

युवा नेता तथा सिकरौल पंचायत के पूर्व मुखिया विभोर द्विवेदी ने कोरानसराय थाना के निलंबित थानाध्यक्ष जुनैद आलम को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा उनके मोबाईल का सीडीआर खंगालने की मांग एसपी नीरज कुमार सिंह से की है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में सबसे अधिक दोषी निलंबित थानाध्यक्ष ही है। बिना पर्यवेक्षण के एक बुजुर्ग को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके साथ दुर्व्यवहार करना यह साबित करता है कि वे दुर्भावना से ग्रसित हो उन्हें गिरफ्तार करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यदि उनकी गिरफ्तारी जल्दी नहीं होती है तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### माले विधायक पर दर्ज मुकदमा भाजपाई साजिश

वहीं, दूसरी तरफ माले नेता नवीन कुमार ने एक प्रेस बयान जारी कर विधायक पर मुकदमा दर्ज करने की पार्टी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने बताया है कि ये मुकदमा पूरी तरह फर्जी है और भाजपाई साजिश है। जनता के सम्मान और अधिकार के लिए भाकपा (माले) अपने जन्म काल से ही लड़ती आयी है। भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने अपने व्यक्तिगत राजनीतिक लाभ के लिए मृतक के परिजनों द्वारा भाकपा माले के डुमराँव विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## कोरानसराय के सीएसपी संचालक की सूझ-बूझ से पकड़े गए दो साइबर ठग

- सीएसपी संचालक को पहले एक बार चूना लगा चुका था एक ठग
- गिरफ्तार साइबरों ठगों को अपने साथ ले गई उत्तर प्रदेश की बाराबंकी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरान सराय के एक सीएसपी संचालक की सूझ बूझ से दो साइबर ठगों को पकड़ा गया है। इनमें से एक पहले उक्त सीएसपी संचालक को झांसा में ले दूसरे के खाते से 37 हजार रुपए की निकासी करवा चूना लगा चुका था। जिसके चलते यूपी के बाराबंकी पुलिस की साइबर सेल द्वारा सीएसपी पर एफआईआर दर्ज कर उसे सील करा दिया गया था। अब उक्त फ्रॉड दूसरी बार उसे चूना लगाने पहुंचा था। लेकिन पहले से सतर्क सीएसपी संचालक ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे पकड़ पुलिस को सौंपा जबकि उसके निशानदेही पर एक दूसरे साइबर अपराधी को भी पकड़ा जा सका है। स्थानीय पुलिस की सूचना पर दोनों को बाराबंकी साइबर सेल की टीम गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पांच महीना पहले यूपी के मउ निवासी साइबर अपराधी राहुल कुमार खन्नी कोरानसराय में फाइनो ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक बड़े तिवारी के यहां पहुंचा और अपनी बहन की शादी की बहाना बनाते हुए कहा कि मैं दूसरे के खाते से ऑनलाइन पैसा मंगवा रहा हूं आप मुझे कैश दे दीजिए तथा बड़ी सफाई से दूसरे नंबर से उनके एकाउंट में राशि ट्रांसफर कर उनसे नकद 37 हजार रुपए ले लिए।




इधर पीड़ित की शिकायत पर बाराबंकी पुलिस की साइबर सेल ने इस मामले की तफ्तीश करते हुए बड़े तिवारी के सीएसपी पर एफआईआर दर्ज करा उसे सील कर दिया था। इसकी जानकारी मिलते ही बड़े तिवारी बाराबंकी पहुंचे सीएसपी संचालक को जब इस फ्रॉड का पता चला तो वे जैसे तैसे कर पुलिस से बचकर आए थे। लेकिन काफी चौकन्ना थे। इस दौरान मंगलवार की शाम एक बार फिर वही साइबर अपराधी वहां पहुंचा तथा दूसरी मजबूरी बता 50 हजार रुपए की मांग करने लगा। इस दौरान सीएसपी संचालक उसे पहचान गए तथा ग्रामीणों के सहयोग से उसे पकड़वा पुलिस को सौंप दिए। पुलिस हिरासत में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया तथा अपने दूसरे साथी का पता भी बताया जिसके बाद पुलिस ने उसे भी बड़ी चालाकी से पकड़ लिया। इसके बाद इसकी जानकारी बाराबंकी पुलिस को दी गई। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस व बाराबंकी पुलिस ने उक्त सीएसपी संचालक की सूझबूझ की सराहना की है।

## डुमरांव में पॉलिथीन के खिलाफ चला अभियान नप ने 50 दुकानदारों से वसूले 11 हजार रुपए

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर में पॉलीथिन की पाबंदी के बाद भी छोटे-बड़े दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से इसका उपयोग जारी है। डीएम अमन समीर के निर्देश पर बुधवार को नगर परिषद प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए शहर के मंडियों में छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान से मंडी के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

कई दुकानों से भारी मात्रा में पॉलीथिन बरामद हुई और 50 से अधिक दुकानदारों से नप प्रशासन ने करीब 11 हजार की राशि बतौर जुमार्ना के रूप में वसूली की। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ शहर के स्टेशन रोड, गोला रोड, किराना मंडी, सब्जी मंडी में छापेमारी के दौरान पॉलीथिन के उपयोग करने पर दुकानों की तलाशी ली गयी, जिसमें बीस किलो से अधिक पॉलीथिन बरामद हुआ। बड़ी मात्रा में पॉलीथिन के थैले का उपयोग करते देख नप की टीम भौंचक रह गयी। छापेमार टीम को देखते ही कई दुकानदार अपने दुकानों से पॉलीथिन छिपाने में जुट गये थे। फल और सब्जी वाले भी इधर-उधर पॉलीथिन हटाने लगे थे। इस दौरान मंडियों में अफरा-तफरी मच गयी।


बुधवार को डुमरांव में छापेमारी करती नगर परिषद की टीम।

### बक्सर डीएम ने जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का किया निरीक्षण

**बक्सर।** डीएम अमन समीर ने बुधवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र बक्सर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत एकरारनामा हेतु आए हुए लाभुकों एवं उनके अभिभावकों के साथ संवाद किया। विद्यार्थियों के द्वारा चयनित संस्थानों एवं चयनित पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कुशल युवा प्रोग्राम एवं मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता के लिए आए आवेदकों के साथ संवाद किया। इस क्रम में उन्होंने आवेदकों से उनके द्वारा चुने गए योजना के संबंध में जानकारी ली। जहां विद्यार्थियों ने बताया कि कुशल युवा प्रोग्राम के तहत उन्हें कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के साथ-साथ अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा का ज्ञान दिया जाता है।

## गंगा उत्सव के तहत आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में आशुतोष, विनीत और श्रेया सिंह ने मारी बाजी

**केटी न्यूज/बक्सर**

गंगा उत्सव 2022 के तहत एमपी हाई स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को हुआ। गंगा स्वच्छता के उद्देश्यों पर छात्र/छात्राओं ने पेंटिंग बनाई गई। पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ चंदन द्विवेदी, प्राचार्य विजय मिश्रा व नोडल अधिकारी नमामि गंगे पूनम कुमारी ने सामूहिक रूप से पुरस्कृत किया गया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम आशुतोष कुमार, द्वितीय विनीत प्रजापति, तृतीय श्रेया सिंह शामिल है। इस दौरान छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह कायम रहा बेहतर करने वाले छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। तत्पश्चाय समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वन विभाग के समस्त कर्मी मौजूद रहे। वहीं, शाम को गंगाघाट पर संध्या भजन व गंगा आरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला योजना अधिकारी, नोडल अधिकारी नमामि गंगे, परियोजना अधिकारी नमामि गंगे, कार्यपालक अधिकारी नगर परिषद के साथ शहर वासी भी मौजूद रहे।


प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखानेवाले प्रतिभागी को सम्मानित करतीं पूनम कुमारी।

# मीरा के बालमन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी कि मृत्यु तक उनको सब कुछ माना

- बक्सर में श्रीसीताराम विवाह महोत्सव के दूसरे दिन मीराबाई चरित्र का किया गया मंचन
- सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा भजनकीर्तन व रामचरितमानस का नवाह पारायण पाठ

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित नई बाजार के श्रीसीताराम विवाह आश्रम में पूज्य श्री खाकी बाबा सरकार के पुण्य स्मृति में 53वां विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को पूरा नई बाजार इलाका समेत आसपास के गांव भक्ति रस से सराबोर है। आश्रम में सुबह से लेकर शाम तक भजनकीर्तन व रामचरितमानस जी का नवाह पारायण पाठ किया जा रहा है। वहीं, आश्रम के मैदान में कथा वचान और रामलीला और कृष्णलीला का मंचन किया जा रहा है।

वृंदावन से आए श्रीकुंज बिहारी शर्मा एवं श्रीराम शर्मा जी के निर्देशन में रासलीला में भक्त मीराबाई के चरित्र का मंचन किया गया जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वृंदावन के मंझे हुए कलाकारों द्वारा लीला मंचन में दिखाया गया कि राजपरिवार में जन्मी मीराबाई के बाल मन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी थी कि मृत्यु तक मीरा ने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना। मीरा के बचपन में एक दिन उनके पड़ोस में किसी बड़े आदमी के यहां बारात आई थी। सभी स्त्रियां छत पर खड़ी होकर बारात देख रही थीं। मीरा बाई भी उनके साथ बारात देख रही थीं। इस दौरान मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है। इस पर मीराबाई की माता ने श्रीकृष्ण की मूर्ति की तरफ इशारा कर कह दिया कि वहीं तुम्हारे दूल्हा हैं।

इस बात से मीरा के बाल मन में एक गांठ की तरह बंध गई। मीराबाई का विवाह मेवाड़ के सिसोदिया राज परिवार में राणा सांगा के पुत्र भोजराज से कराया गया। शादी के लिए मीरा तैया नहीं थी। लेकिन, उनकी शादी बलपूर्वक करा दी गई। लेकिन, शादी के बाद विदाई के समय कृष्ण की वही मूर्ति अपने साथ ले गई, जिसे उसकी माता ने उनका दूल्हा बताया था। मीराबाई के विवाह के दस बरस बाद उनके पति का देहांत हो गया। मीराबाई के कृष्ण प्रेम को देखते हुए लोक लाज की वजह से मीराबाई के ससुराल वालों ने उन्हें मारने के लिए कई चालें चाली पर सब विफल रहीं। मीराबाई ने भक्ति को एक नया आयाम दिया है, एक ऐसा स्थान जहां भगवान ही इंसान का सब कुछ होता है। दुनिया के सभी लोभ उसे मोह से विचलित नहीं कर सकते। एक अच्छा खासा राजपाट होने के बाद भी मीराबाई वैरागी बनी रहीं।


कृष्ण लीला में मीराबाई प्रसंग का श्रवण करतीं श्रद्धालु।

## फटाफट खबरें

### पूर्व भारत करणी सेना के अध्यक्ष को घर में घुस कर पीटा



**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा नई बस्ती निवासी देवेंद्र सिंह परिहार पूर्व भारत करणी सेना अध्यक्ष को घर में घुसकर दबंगों ने पिटाई कर दी। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल देवेंद्र सिंह को इलाज हेतु जिला अस्पताल ले गए। वहीं, करणी सेना के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ मन बढ़ किस्म के युवक बड़े-बड़े चक्के वाले मोटरसाइकिल लेकर फरार्टे भरते हैं तथा लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। मना करने के बाद 10 से 15 की संख्या में आए युवक घर में घुसकर उनके साथ बुरी तरह से मारपीट की। जिससे वो बुरी घायल हो गए। वहीं, बीच-बचाव करने में उनके बेटे प्रिंस सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर के माध्यम से कोतवाली को अवगत करा दिया गया। जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में ले लिया।


### 40 किसानों से 2025 क्विंटल धान की हुई खरीद

**मऊ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न धान क्रय केंद्र पर धान की खरीद जोरों से चल रही है। जिसको लेकर किसान अपने धान को ट्रैक्टर पर लादकर धान क्रय केंद्र पर पहुंचकर नियमानुसार सरकारी दर धान को बेच रहे हैं। विपणन विभाग पर बनाए गए धान क्रय केंद्र पर मंगलवार तक 38 किसानों से 1810 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। जबकि बुधवार को दो किसानों के माध्यम से 215 क्विंटल धान की खरीद की गई। धान क्रय केंद्र प्रभारी मोहम्मद इसरार अहमद ने बताया कि हमारे यहां पर्याप्त मात्रा में बोरा एवं सभी संसाधन उपलब्ध है। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, जिसके लिए 48 घंटे के अंदर पीएफएमएच के माध्यम से किसान के खाते में पैसा भी भेजा जा चुका है। इसी प्रकार स्थानीय ब्लॉक में स्थित ग्राम गालिब पुर में भारतीय खाद्य निगम द्वारा बनाया गया धान क्रय केंद्र के सेंटर पर 2 दिन में दो किसानों से लगभग 50 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है।

# आदेश: निजी अस्पतालों को आईडीएसपी पोर्टल पर देना होगा डेंगू मरीज का ब्योरा

- डेंगू के मरीजों के मामले में मनमानी नहीं कर सकेंगे निजी अस्पताल
- मरीज की पूरा ब्योरा करना होगा अपलोड, देनी होगी सारी जानकारी

**केटी न्यूज/बलिया**



बलिया जिले के निजी अस्पतालों के चिकित्सक अब डेंगू के मरीजों के मामले में मनमानी नहीं कर सकेंगे। जिले के इन अस्पतालों को डेंगू मरीज का पूरा ब्योरा पोर्टल पर देना होगा। साथ ही, मरीज की एलिसा जांच के लिए सैंपल भी जिला अस्पताल में ही भेजना होगा। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। विगत दो साल से डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ गया है। अभी तक सरकारी अस्पताल पर इलाज को आने वाले मरीजों का आंकड़े ही सामने आ पाते थे। निजी चिकित्सक एनएस एक किट के माध्यम से डेंगू की पुष्टि कर उसका इलाज करते हैं। उनके द्वारा मरीजों की एलिसा जांच नहीं कराई जाती। वहीं, प्राइवेट अस्पतालों द्वारा इलाज के नाम पर मोटी रकम भी मरीजों से वसूली जाती है। एलिसा जांच से ही डेंगू की सही पुष्टि होती है। निजी अस्पतालों की इस मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) पोर्टल पर डेंगू मरीजों का पूरा ब्योरा अंकित करना होगा। जिसमें मरीज का नाम, पता, उम्र, लिंग और बीमारी का ब्योरा दर्ज करना होगा। मरीज की सैंपल जांच के लिए जिला अस्पताल की प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। जहां सैंपल को एलाइजा जांच कर मरीज में डेंगू की पुष्टि की जाएगी। सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने बताया कि निजी अस्पताल में डेंगू के मरीज का इलाज करने पर पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड होगा।

### ध्यान दें... बच्चे घर से बाहर पूरे कपड़े पहनकर ही जाएं : सीएमओ

सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने बताया कि बच्चों का इम्युन सिस्टम ज्यादा कमजोर होता है और वे खुले में ज्यादा रहते हैं इसलिए उनके प्रति सचेत होने की ज्यादा जरूरत है। पैरंट्स ध्यान दें कि बच्चे घर से बाहर पूरे कपड़े पहनकर जाएं। जहां खेलते हों, वहां आसपास गंदा पानी न जमा हो। स्कूल प्रशासन इस बात का ध्यान रखे कि स्कूलों में मच्छर न पनप पाएं। बहुत छोटे बच्चे खुलकर बीमारी के बारे में बता भी नहीं पाते इसलिए अगर बच्चा बहुत ज्यादा रो रहा हो, लगातार सोए जा रहा हो, बेचैन हो, उसे तेज बुखार हो, शरीर पर रैशेज हों, उलटी हो या इनमें से कोई भी लक्षण हो तो फौरन डॉक्टर को दिखाएं। बच्चों को डेंगू हो तो उन्हें अस्पताल में रखकर ही इलाज कराना चाहिए क्योंकि बच्चों में प्लेटलेट्स जल्दी गिरते हैं और उनमें डीहाइड्रेशन (पानी की कमी) भी जल्दी होता है। बच्चों के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### अलर्ट: डेंगू को हल्के में न लें, समय पर इलाज नहीं होने से जा सकती है जान

सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने बताया कि डेंगू के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीमारी ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी है। बता दें सर्दी के मौसम के पहले बारिश होती है जिस कारण जगह-जगह में पानी जमा हो जाता है या हमारे घरों में कई ऐसी जगहों पर पानी जमा होता है। डेंगू के मच्छर ऐसे ही पानी में ही पनपता है। डेंगू का इलाज सही समय में नहीं मिलने से इंसान की मौत भी हो जाती है। इसलिए इसे साधारण बीमारी मानना बड़ी भूल हो सकती है। उन्होंने कहा कि डेंगू मरीजों के इलाज की व्यवस्था में पूरी सावधानी बरती जा रही है। साथ ही, चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर देखरेख की जा रही है। सदर अस्पताल समेत जिले के सभी पीएचसी में डेंगू के लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं। ताकि, डेंगू के मरीजों का उचित इलाज किया जा सके। वहीं, उनके खानपान का भी ध्यान रखा जा रहा है। जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके।

## गाजीपुर की जिलाधिकारी ने नगर निकायों के प्रशासन को दी चेतावनी

# नवंबर के बाद शहर में गड्ढायुक्त सड़कें दिखीं तो संबंधित अधिकारी पर होगी कार्रवाई : डीएम

- शहरी क्षेत्रों के चौक-चौराहों को जल्द मरम्मत कराने का दिया निर्देश
- नगर क्षेत्र की सड़कों व चौराहों पर कूड़े का अम्बार नहीं दिखने की दी हिदायत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक में शामिल डीएम व अन्य अधिकारी

विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जिले में 16 से 30 नवंबर तक जिला मुख्यालय में चल रहे नगर सेवा पखवाड़ा और नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आहूत की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका और नगर पंचायत के अधीशासी अधिकारियों को खामियों को दूर करते हुए जल्द से जल्द कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधीशासी अधिकारी को कहा कि सूचना मिल रही है कि नगर सेवा पखवाड़ा के तहत खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने नाराजगी दिखाते हुए निर्देश दिया कि पखवाड़ा केवल कागज पर ही नहीं, बल्कि धारातल पर दिखना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायत जनपद की छवि होती है। उन्होंने निर्देश दिया कि उपरोक्त योजनाओं में जो भी कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनके सत्यापन के उपरान्त ही उसका भुगतान किया जाए। उन्होंने नगर पालिका परिषद गाजीपुर के ईओ लाल चन्द सरोज को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र की सड़कों/चौराहों पर कूड़े का अम्बार नहीं दिखना चाहिए। कूड़े के निस्तारण हेतु बंद डस्टबिन का प्रयोग किया जाए। नगर क्षेत्र का कोई भी चौराहा क्षतिग्रस्त न हो, यदि कहीं भी ऐसी स्थिति है, तो उसी जल्द से जल्द मरम्मत करायी जाए।

**डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सुदृढ़ व्यवस्था का दिया निर्देश :** जिलाधिकारी ने कहा कि 30 नवंबर तक जनपद की सड़कों के गड्ढा मुक्ती की अंतिम तिथि है। इसके बाद यदि जनपद मे जर्जर एवं गढ्ढायुक्त सड़क की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिलाधिकारी ने जनपद में प्रकाश की व्यवस्था, साफ-सफाई, एण्टी लार्वा छिड़काव, फागिंग, जल निकासी, सामुदायिक शौचालय एवं व्यक्तिगत शौचालयों का प्रयोग, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सुदृढ़ व्यवस्था का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### बेसिक शिक्षा विभाग में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पारामीटर्स पर संतृप्तिकरण की प्रखंडवार हुई समीक्षा
- जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद 100 स्कूल भवनों के पुनर्निमाण हेतु कार्यदायी संस्था के चयन पर हुई बात

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं यथा-निपुण भारत, ऑपरेशन कायाकल्प, जर्जर भवन पुननिर्माण, मध्याह्न भोजन आदि के क्रियान्वयन के संबंध में राइफल क्लब सभागार में बैठक की गई।

जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, डायट प्राचार्य, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया। समस्त खंड शिक्षाधिकारी, एडीओ पंचायत, अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण ने प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य रूप से ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पारामीटर्स पर संतृप्तिकरण की प्रखंडवार समीक्षा की गई। साथ ही, विद्यांजलि पोर्टल के संचालन एवं सीएसआर के अन्तर्गत कराए जाने वाले कार्यों के विषय में सोसाइटी का गठन, निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति की अद्यतन प्रगति एवं आगामी होने वाले निपुण एसेसमेंट टेस्ट, जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरान्त कुल 100 विद्यालय भवनों के पुनर्निमाण हेतु कार्यदायी संस्था के चयन, मध्याह्न भोजन योजना इत्यादि विषयों पर जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी।

डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत समस्त 19 पैरामीटर्स पर शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण हेतु पंचायत विभाग, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत को कार्य पूर्ण कराने का निर्देश देने के साथ ही निपुण लक्ष्य को समयान्तर्गत प्राप्त करने को कहा। जनपद को निपुण जनपद बनाने की प्रभावी रणनीति आदि विषयों पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में किशोरियों को बताए गए एनीमिया से बचाव के उपाय



बुधवार को कॉलेज में आयोजित शिविर में जांच कराने पहुंची छात्राएं।

- किशोर स्वास्थ्य मंच 2022 के तहत 260 छात्राओं की हुई जांच

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुहम्मदाबाद के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ मंच 2022 का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 260 छात्राओं का जांच करने के साथ ही उन्हें एनीमिया आदि से बचाव के लिए आयरन और आईएफए की गोली देने के साथ उचित सलाह दी गयी। सीएससी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरफ से कॉलेजों में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए निर्देश दिया गया।

इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रों का हीमोग्लोबिन जांच कर एनिमिया व अन्य बीमारियों की पहचान एवं दवा की गोलियों के साप्ताहिक सेवन की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें पोषण के महत्व के बारे में और प्रतिभागियों को किशोरी सूरक्षा योजना, विशेषकर मेन्स्टूअल हाईजीन, लिंग हिंसा , तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन व उनके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। छात्रों को एनीमिया यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद-विवाद तथा भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर सरिता यादव, द्वितीय स्थान प्राप्त पार्वती कुमारी तथा तृतीय स्थान पर सुहानी कक्षा नौ की रही। सभी को अधीक्षक डॉ. आशीष राय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में कुल 260 छात्राओं की जांच किया गया। जिसमें आरबीएसके की टीम डॉ. आरके वर्मा, आशा सिंह स्टाफ नर्स, रंजना देवी एएनएम, मोहित एलटी, कालीचरण के साथ-साथ विद्यालय से प्रमीला चौहान एवं ममता सिंह रही। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार ने किया एवं विद्यालय प्रबंध समिति का कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप पर आरोप तय, कोर्ट ने 24 को आत्मसमर्पण करने का दिया आदेश

**केटी न्यूज/बलिया**



वर्ष 2013 में दर्ज कराए गए जानलेवा हमले मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट हुसैन अहमद अंसारी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियुक्त पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला, दीपक पांडेय उर्फ आशुतोष, रत्नेश यादव, विवेक सिंह, अविनाश सिंह के खिलाफ आरोप तय किए गए। इसके साथ ही 24 नवंबर को अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थित होकर आत्मसमर्पण करने का आदेश पारित किया है। वादी सुधीर ओझा ने वर्ष 2013 में शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाए थे कि छात्रसंघ चुनाव में गुटबाजी को लेकर उन पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। मामले में सभी आरोपी बनाए गए थे। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष आरोप को गलत साबित नहीं कर सका। वादी ने आग्रह किया था कि आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए जाएं। उक्त मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अभियुक्तों के खिलाफ धारा 307, 149 के तहत आरोप तय किए।

### बदसलूकी मामले में बीएसए ने सहायक अध्यापक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सीडीओ की मौजूदगी में अधिकारियों से बदसलूकी मामले में कोतवाली पुलिस ने रंजना पांडेय सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय सवन राजभर बस्ती चिलकहर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रंजना पांडेय महिला शिक्षक संघ बलिया की जिलाध्यक्ष है। बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि 22 नवम्बर 2022 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जूनियर हाई स्कूल तहसीली स्कूल रामलीला मैदान बलिया पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इसमें जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चे एवं विज्ञान अध्यापकों ने अपने-अपने मॉडल का स्टॉल लगाया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा द्वारा बच्चों के विज्ञान मॉडल को प्रश्न करके प्रोत्साहित किया जा रहा था। अपराह्न करीब 2:30 रंजना पांडेय

## एक नजर

### अनुसूचित जाति के लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार ने उठाए बड़े कदम: विश्वनाथ



**बलिया।** उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ ने कहा कि उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम अजय) जैसी महत्वाकांक्षी योजना लागू कर सरकार ने अनुसूचित जाति के लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बड़ा कदम उठाया है। लोक निर्माण विभाग के डाकबंगला में प्रेसवार्ता कर उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पात्रता के लिए अब आय सीमा भी समाप्त कर दी गयी है। हालांकि जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये या उससे कम होगी उन्हें योजनाओं का लाभ देने में वरीयता दी जायेगी। अनुदान की राशि 10 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दी गयी है। उन्होंने यह बताया कि वित्त एवं विकास निगम में पहले से चल रही योजनाएं अब प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम अजय) योजना के नाम से जानी जायेंगी। इस योजना में अनुसूचित जाति के लोग व्यक्तिगत के बजाय अब क्लस्टर (समूह) में अपना प्रोजेक्ट स्थापित कर कृषि और मृदा संरक्षण, लघु, सिंचाई, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और हथकरघा, उद्योग और सेवा व्यापार (आईएसबी) आदि के तहत अपना रोजगार शुरू कर सकते है। अनुसूचित जाति के लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए यह एक बड़ा कदम है। इससे दलितों का बड़ा वर्ग उद्यमी बनकर उभरेगा।

### सहायक अध्यापक को किया गया सम्मानित



**मऊ।** जूनियर हाई जूनियर हाई स्कूल भुड़सुरी के प्रधानाचार्य सर्वेश सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने सहायक अध्यापक सहजानंद सिंह का नागरिक अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य ने उन्हें कुशल संगठनकर्ता बताते हुए कहा कि उनके निर्देश एवं नेतृत्व में बेसिक शिक्षा संघ का संगठन उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर है। गाजीपुर अधिवेशन में सम्मानित होने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई। उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जूनियर हाई स्कूल भुड़सुरी के सहायक अध्यापक सहजानंद सिंह को गाजीपुर, बलिया एवं मऊ सम्मेलन में सम्मानित किया गया। आयोजक मंडल ने उन्हें बैच पहना अंगवस्त्र एवं राम दरबार का चित्र उन्हें भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सर्वेश सिंह एवं संचालन शिक्षक रामजन्म यादव ने किया।

# पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखें जिले के अधिकारी व कर्मी : एसपी

- झंडा दिवस पर एसपी ने दी तिरंगे को सलामी, जवानों को पढ़ाया इसके महत्व का पाठ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





जिले में स्थित पुलिस लाइन में ह्लझंडा दिवसह्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा सर्वप्रथम पुलिस के झंडे को फहरा कर झंडे को सलामी दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा झंडा दिवस के महत्व के बारे में वहां उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया गया। उन्होंने पुलिस के झंडे के इतिहास के बारे में बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसके सम्मान एवम सुरक्षा के लिए कार्य करने हेतु सभी को प्रेरित किया। बुधवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर समस्त पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को उनके दायित्वों का बोध कराया। साथ ही पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया और उपस्थित पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने के लिए कहा।

**23 नवंबर को मनाया जाता है झंडा दिवस :** प्रतिवर्ष 23 नवंबर को यूपी में पुलिस झंडा दिवस मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप 23 नवम्बर, 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। आज ही के दिन पीएसी बल को भी ध्वज मिला था। 23 नवंबर 1952 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर व ध्वज प्रदान किया था। ध्वज का आकार चार फीट लंबा व तीन फीट चौड़ा, ध्वज में दो रंग है। इसमें ऊपर लाल रंग व नीचे नीला रंग है। इसी दिन पीएसी बल को भी ध्वज प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के इतिहास में 23 नवंबर का दिन विशेष महत्व रखता है।

**पुलिस पूरी ईमानदारी के साथ करें कार्य :** पुलिस झंडा दिवस में एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों के वर्दी पर झंडा लगाकर अपने कार्यों के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया है और कहा कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कार्य में लापरवाही न बरतें। जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्य शैली पर कोई बट्टा न लगा सके और पुलिस पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें।